# नकली कीटनाशक फैक्ट्री से 1.25 करोड़ का माल जब्त

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** जिले में किसानों को कथित नकली कीटनाशक बेचकर उनकी फसल और मेहनत को नुकसान पहुंचाने वाले नेटवर्क के खिलाफ कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने पाइरेसी डिफेंस फोर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और संबंधित कंपनियों की टीम के साथ सीहोर तथा भैरूंदा क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान नामी कृषि कंपनियों के ब्रांड के नाम पर तैयार किए जा रहे कथित नकली कीटनाशक, रसायन, पैकिंग सामग्री और पैकेजिंग मशीनरी बरामद की गई। जब्त सामग्री का बाजार मूल्य करीब 1.25 करोड़ रुपये बताया गया है।

**मार्केट सर्वे से सामने आया नेटवर्कः** पाइरेसी डिफेंस फोर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय पंडित के अनुसार, बाजार में उनकी क्लाइंट कंपनियों के उत्पादों की नकली बिक्री की सूचना मिली थी। इसके बाद मार्केट सर्वे कराया गया। संदिग्ध उत्पाद मिलने पर उनकी जांच कराई गई, जिसमें इनके नकली होने की पुष्टि हुई। इसके बाद निर्माण और सप्लाई से जुड़े ठिकानों की पहचान कर कार्रवाई की गई।

**मौके से फरार व्यक्ति की तलाशः** जांच के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति की भूमिका भी सामने आई है, जो कार्रवाई के समय मौके से फरार हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वह तैयार नकली उत्पादों को अलग-अलग बाजारों में खपाने का काम करता था। पुलिस और संबंधित विभाग उसकी पहचान और तलाश में जुटे हैं। जांच आगे बढ़ने पर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के सामने आने की संभावना है।

**रसायन और मशीनरी भी जब्तः** छापेमारी में नकली उत्पादों के साथ कच्चे रासायनिक पदार्थ, पैकेजिंग सामग्री और पैकेजिंग मशीनरी भी मिली। संबंधित टीम के अनुसार जब्त सामग्री की अनुमानित बाजार कीमत करीब 1.25 करोड़ रुपये है। कृषि विभाग ने सामग्री को अपने कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**एफआईआर में देरी पर एसपी से मिले अधिकारीः** पुलिस कार्रवाई में देरी को लेकर पाइरेसी डिफेंस फोर्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय पंडित एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से मुलाकात कर त्वरित कार्रवाई की मांग की। पंडित के अनुसार कृषि विभाग ने संबंधित थानों में एफआईआर के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने आशंका जताई कि देरी का फायदा उठाकर आरोपी फरार हो सकते हैं या जब्त सामग्री से छेड़छाड़ की जा सकती है।

**कृषि विभाग कर रहा जांचः** सहायक संचालक कृषि अनिल कुमार जाट के अनुसार मामला दो-तीन कंपनियों के नकली उत्पादों से जुड़ा है। संबंधित कंपनियों की ओर से पुलिस थानों में एफआईआर के लिए प्रतिवेदन दिए गए हैं। एसडीओ स्तर से आवश्यक कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। कृषि विभाग और पुलिस मामले की जांच नियमानुसार कर रहे हैं।

## श्रीराम कॉलोनी में छापा, पैकिंग करते मिलीं महिलाएं



कृषि विभाग की टीम ने 13 और 14 जुलाई को सीहोर की श्रीराम कॉलोनी में कार्रवाई की। यहां मुकेश कुशवाहा के घर और गोदाम से बड़ी मात्रा में कथित नकली कीटनाशक बरामद किए गए। कार्रवाई के दौरान चार महिलाएं कथित रूप से नकली कीटनाशकों की पैकिंग करती मिलीं। इसी तरह नसरुल्लागंज (भैरूंदा) में सुरेंद्र पंवार के निवास पर भी छापा मारा गया। यहां घर की महिलाओं द्वारा कथित नकली कीटनाशकों की पैकिंग किए जाने की जानकारी सामने आई। बरामद उत्पादों में इंडोफिल इंडस्ट्रीज का रू-45, बेयर क्रॉप साइंस लिमिटेड के एनएटीआईवीओ और एएनटीआरएसीओएलवी, क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड का आरआईसीईई एक्ट तथा इंसेक्टिसाइड्स इंडिया लिमिटेड का ग्रीन लेवल शामिल बताया गया है। इसके अलावा पैकिंग सामग्री और अन्य सामान भी जब्त किया गया।

## खास-खबरें

### पारस जैन की स्मृतियों को नमन, विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने परिजनों से की भेंट



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैनः** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर गुरुवार को उज्जैन पहुंचे। उन्होंने पूर्व मंत्री पारस जैन के निवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान तोमर ने पारस जैन के साथ अपने पुराने राजनीतिक संबंधों और उज्जैन के विकास में उनके योगदान को याद किया। विधानसभा अध्यक्ष ने शोकाकुल परिजनों के साथ बैठकर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा संगठन परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने पारस जैन के निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि जनसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। इस दौरान मौजूद जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भी पारस जैन के व्यक्तित्व और कार्यों को याद किया। लोगों ने उनके साथ जुड़ी स्मृतियां साझा कीं और उनके मार्गदर्शन को याद किया। पारस जैन के निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए लोगों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।

### अखंड भारत संकल्प संगोष्ठी में राष्ट्र और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व बेला पर बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय सेंट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में अखंड भारत संकल्प संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रांत गौ रक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए नीलेश अग्रवाल ने कहा कि हर बच्चा पढ़कर डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक या वकील बने, यह जरूरी नहीं है, लेकिन उसका एक अच्छा नागरिक बनना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से जाति और धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। नीलेश अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा और एकता के साथ पर्यावरण संरक्षण भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में विहिप जिला महामंत्री रविंद्र ठाकुर, विहिप बजरंग दल जिला सहसंयोजक अन्नु यादव, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी के.पी. सिंह चौहान, श्रीमती रजनी गुप्ता सहित छात्र-छात्राएं और विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के अंत में व्याख्याता रजनी गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

### हरियाली अमावस्या पर माँ वैत्रवती गंगा को 51 साड़ियों की चुनरी ओढ़ाई



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** विगत 17 वर्षों से माँ वैत्रवती गंगा के व्यापक संरक्षण के संदर्भ में शासन-प्रशासन, जनमानस और जनप्रतिनिधियों को प्रेरित-जागृति करने सहित विदिशा क्षेत्र में माँ वैत्रवती गंगा को साफ-स्वच्छ, सुंदर, बारहमासी, सदानीरा बनाने के लिये प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हरियाली अमावस्या पर माँ वैत्रवती गंगा की नित्य गंगा आरती की वर्षगांठ बडबाला घाट माँ वैत्रवती पुरम पर माँ वैत्रवती गंगा मंगल आरती सेवा समिति परिवार के तत्वावधान में मनाई गई। आयोजन के संयोजक मानसेवी बेतवा पुत्र भजन गायक पं. मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि इस वर्ष हरियाली अमावस्या को यह आयोजन गोधुली वेला में सांयकाल 6 बजे बडबाला घाट माँ वैत्रवती पुरम पर चुनरी महोत्सव के रूप में संपन्न हुआ।

### प्रभारी मंत्री ने कृषक संगोष्ठी की तैयारियों की समीक्षा की

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने विदिशा प्रवास के दौरान नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंचकर बलराम कृषि महोत्सव अंतर्गत शुक्रवार 14 अगस्त को आयोजित होने वाली कृषक संगोष्ठी की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल नवीन कृषि उपज मंडी में किसानों एवं नागरिकों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने बताया कि कृषक संगोष्ठी में मुख्यमंत्री ऑनलाइन जुड़कर किसानों से संवाद करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे शिविरों तथा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले में चल रहे अभियान की भी समीक्षा की।

# रायसेन का बासमती चावल 47 देशों में निर्यात, 1800 करोड़ की धान विदेश पहुंची

## बलराम कृषि महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से किया वर्चुअल संवाद



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** रायसेन जिले के बासमती चावल की मांग अब देश ही नहीं, विदेशों में भी बढ़ रही है। जिले से बासमती चावल 47 से अधिक देशों में निर्यात हो रहा है और करीब 1800 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की धान विदेशों तक पहुंच रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को रायसेन कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के खेत सरकार के लिए देवस्थल हैं और उनकी मेहनत का प्रत्येक दाना प्रसाद के समान है। प्रदेश में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रायसेन की पहचान अब सांची, भीमबैठका और भोजपुर के साथ बासमती धान के लिए भी हो रही है। किसानों की मेहनत और आधुनिक कृषि तकनीकों के कारण जिले ने देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने किसानों से पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तकनीकों और उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाने की अपील की। उद्यानिकी फसलों की खेती को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि इससे किसानों की आय में वृद्धि हो सकती है। सरकार खेत से बाजार तक पूरी कृषि मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। फूड प्रोसेसिंग, वेयरहाउसिंग, कोल्ड चेन, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, वैल्यू एडिशन और कृषि निर्यात को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि सरकार किसानों की समृद्धि और खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई से 13 नवंबर तक बलराम कृषि महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक खेती और नई योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

पटेल ने कहा कि सरकारी योजनाओं के लिए कृषि भूमि अधिग्रहण पर किसानों को चार गुना मुआवजा दिया जाएगा। किसानों की आर्थिक सुरक्षा के लिए कवच योजना शुरू की गई है। इसके माध्यम से सहकारी खातों की पुरानी गड़बड़ियां दूर कर करीब पांच हजार किसानों को ऋण और योजनाओं का लाभ दिया गया है। किसानों को बिना ब्याज ऋण और चुकाने के लिए 12 माह की अवधि देने की व्यवस्था भी की गई है।

सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए लगातार बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। कृषि यंत्र, खाद-बीज पर अनुदान के साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत किसानों को प्रतिवर्ष कुल 12 हजार रुपये दिए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों और बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कृषि, मत्स्य पालन और पशुपालन सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर किसानों को योजनाओं की जानकारी दी।

# विधायक हरि सिंह रघुवंशी के जन्मदिन पर धार्मिक आयोजन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी के जन्मदिन के अवसर पर नगर में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर ने बेदनखेड़ी स्थित हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ कराया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर रामायण पाठ में सहभागिता की और विधायक के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना की।

जन्मदिन के अवसर पर हनुमान मंदिर में विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही भगवान जगदीश स्वामी मंदिर में भी पूजा-अर्चना की गई। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद विशाल कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया। कन्याओं को उपहार भेंट किए गए, जबकि सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण की।

इस अवसर पर संजय रघुवंशी, हरीपुर पार्षद प्रतिनिधि राजू ठाकुर, मंडल अध्यक्ष लाखन रघुवंशी, जिला सह मीडिया प्रभारी राजेश अरोरा, एल्डरमैन प्रवीण जादौन, भावना मलैया, शिवराज सेन, भाजपा नेता नीरज मिश्रा, पार्षद मनीष विश्वकर्मा, पवन रिछारिया सहित भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं नपा उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर ने कहा कि विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने हमेशा क्षेत्र के विकास, गरीबों के कल्याण और जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं और ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने तथा आपसी सद्भाव मजबूत करने का कार्य करते हैं।

# सीएम राइज स्कूल में 200 पौधे रोपे 22 प्रजातियों से संवरेगा परिसर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** बारिश के बीच पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सार्थक संस्था और वृक्ष मित्र परिवार ने सांदीपनि सीएम राइज स्कूल परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया। अभियान में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि वन विभाग की ओर से डीएफओ के प्रतिनिधि नरेंद्र ने सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चार के साथ जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट द्वारा कचनार का पौधा रोपकर की गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में पौधे लेकर रैली निकाली। पूरा परिसर 'आओ सारे मिलकर आओ, पेड़ लगाओ, पेड़ लगाओ' के नारों से गूंज उठा। विद्यार्थियों को पौधों की विभिन्न प्रजातियों और उनके महत्व की जानकारी भी दी गई।

विद्यालय परिसर में फलदार और छायादार सहित कुल 22 प्रजातियों के 200 पौधे लगाए गए। इनमें कचनार, पारस पीपल, गधा पलाश, बकायन, पीपल, बरगद, अमलतास, रीठा और गूलर सहित आंवला, सीताफल, जामफल, रामफल, शहतूत, जामुन, इमली, करौंदा, बेर और फालसा आदि प्रजातियां शामिल हैं। पौधे परिसर की बाउंड्रीवॉल के सहारे दो और चार पंक्तियों में लगाए गए।

सार्थक संस्था की ओर से पौधों के लिए गड्ढे खुदवाने से लेकर 200 पौधे उपलब्ध कराने तक की व्यवस्था की गई।

### हर घर तिरंगा यात्रा में उल्टा तिरंगा दिखने पर उठे सवाल

**मंदसौर।** नगर परिषद मल्हारगढ़ द्वारा गुरुवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई तिरंगा यात्रा के दौरान उस समय सवाल उठने लगे, जब नप अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश कछावा के हाथ में तिरंगा उल्टा दिखाई दिया। मौके पर मौजूद मल्हारगढ़ थाना प्रभारी अनिल रघुवंशी की नजर पड़ने के बाद उन्होंने तिरंगे को सीधा करवाया। घटना का वीडियो और फोटो सामने आने के बाद राजनीतिक एवं सामाजिक स्तर पर कार्रवाई की मांग उठ रही है। नगर परिषद के कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे सांदीपनि विद्यालय, स्टेशन रोड से तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। इसमें जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक शामिल हुए। इसी दौरान योगेश कछावा के हाथ में तिरंगा उल्टा नजर आया। थाना प्रभारी ने मौके पर ही तिरंगे को सीधा कराया।

घटना के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद किसान नेता श्यामलाल जोकचंद के समर्थकों ने पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए।

# एक किलोमीटर लंबा तिरंगों का कारवां देशभक्ति के नारों से गूंजा भैरूंदा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** स्वतंत्रता दिवस से पहले गुरुवार को हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत नगर परिषद एवं प्रशासन द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में हजारों विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, व्यापारी और आम नागरिक शामिल हुए। हाथों में लहराते तिरंगे और वंदे मातरम्, भारत माता की जय व जय हिंद के नारों के बीच करीब एक किलोमीटर लंबा तिरंगों का कारवां नगर की सड़कों पर दिखाई दिया।

सुबह करीब 10 बजे सीहोर मार्ग स्थित बीवीएम स्कूल से शुरू हुई यात्रा सीहोर नाका होते हुए प्रमुख मार्गों और बाजारों से होकर बस स्टैंड पहुंची। विद्यार्थियों की अनुशासित कतारें यात्रा का प्रमुख आकर्षण रहीं। मार्ग में नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। बारिश के बावजूद विद्यार्थियों और नागरिकों का उत्साह कम नहीं हुआ।

यात्रा में निगम मंडल अध्यक्ष रवि मालवीय, जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पंवार, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिभा रितेश मकवाना, सीएमओ राम प्रसाद भावरे सहित पार्षद और नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा, एसडीओपी रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी यात्रा में मौजूद रहे।

बस स्टैंड पहुंचने पर राष्ट्रगान के साथ यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को याद करते हुए भगवान बिरसा मुंडा और टंट्या मामा के संघर्ष को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि देश की आजादी अनेक महापुरुषों के त्याग और संघर्ष का परिणाम है। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर शिक्षा, ज्ञान, प्रतिभा और मेहनत के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाने वाला अभियान है।

# बारिश में भी नहीं थमी पीडब्ल्यूडी की निगरानी पिपलकोटा की सड़क पर डाली गिट्टी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** बारिश के दौरान सड़क पर जमा पानी और गड्ढों के कारण ग्रामीणों को हो रही परेशानी को देखते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने पिपलकोटा में सड़क की मरम्मत कराई। जनपद पंचायत भैरूंदा के वार्ड क्रमांक 17 अंतर्गत खनपुरा पंचायत के ग्राम पिपलकोटा में पीडब्ल्यूडी मार्ग पर गिट्टी डालकर आवागमन को सुगम किया गया। बारिश के बीच सड़क की स्थिति बिगड़ने पर विभाग ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य कराया।

ग्रामीणों के अनुसार पिपलकोटा की सड़क लंबे समय से परेशानी का कारण बनी हुई थी। बारिश के दौरान सड़क के गड्ढों में पानी भर जाने से दोपहिया वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानी होती थी। मार्ग खराब होने के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती थी।

**जनपद सदस्य की पहल पर शुरू हुआ कामः** सड़क की समस्या को लेकर ग्रामीण लगातार मांग उठा रहे थे। इसके बाद जनपद पंचायत वार्ड क्रमांक 17 के सदस्य धर्मेंद्र सिंह पंवार ने मामले को पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के समक्ष रखा। विभाग ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए मौके पर गिट्टी डलवाकर सड़क की मरम्मत कराई।

**बारिश में सड़कों पर निगरानीः** पीडब्ल्यूडी एसडीओ मयंक तिवारी के नेतृत्व में क्षेत्र की सड़कों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। विभाग के अनुसार बारिश के दौरान जहां भी सड़क खराब होने या आवागमन में परेशानी की सूचना मिल रही है, वहां आवश्यकता के अनुसार तत्काल मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। पिपलकोटा में किया गया कार्य भी इसी त्वरित कार्रवाई का हिस्सा है।

**ग्रामीणों ने जताया आभारः** मरम्मत के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। उन्होंने बताया कि बारिश के दिनों में खराब सड़क से रोजाना आवागमन प्रभावित हो रहा था। गिट्टी डालने से फिलहाल आवाजाही में राहत मिली है। ग्रामीणों ने एसडीओ मयंक तिवारी और पीडब्ल्यूडी विभाग का आभार जताते हुए सड़क की समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद जताई। साथ ही समस्या विभाग तक पहुंचाने के लिए जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह पंवार के प्रति भी धन्यवाद व्यक्त किया।

**एक्शन लेंगे** मानवाधिकार और बाल आयोग अनजान...

# 19 दिन से मर्चुरी में रखा है नवजात का शव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** जिला अस्पताल में इलाज में लापरवाही और डॉक्टरों की कथित जिद के कारण एक नवजात बच्ची की मौत के बाद बेहद संवेदनहीन मामला सामने आया है। जिले के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब किसी नवजात का शव पूरे 19 दिनों से अस्पताल की मर्चुरी में अंतिम संस्कार के इंतजार में रखा हुआ है।

इस गंभीर और झकझोर देने वाले मामले से मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग अब तक अनजान थे। जब इस संबंध में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य और बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो से बात की गई तो उन्होंने कहा यह बहुत ही गंभीर मामला है। इस मामले में आयोग द्वारा संज्ञान लिया जाएगा और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**यह है पूरा मामलाः** बता दें मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर ग्राम सीलखेड़ा के रहने वाले मजदूरी करने वाले शिवनारायण की पत्नी सविता ने 30 जून को एक बच्ची को जन्म दिया था। जन्म के समय वजन कम होने के कारण नवजात को जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था। पीड़ित परिवार का आरोप है कि बच्ची की हालत बिगडने् पर वे उसे किसी निजी अस्पताल ले जाना चाहते थे, लेकिन एसएनसीयू के डॉक्टर जयप्रकाश परमार की जिद और मनमानी के कारण उन्हें समय पर रेफर या डिस्चार्ज नहीं किया गया। अंततः 24 जुलाई को मासूम ने दम तोड़ दिया।

**अस्पताल प्रशासन की सफाई, शव खराब होने का खतराः** मामले में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. यूके श्रीवास्तव ने अस्पताल का पक्ष रखते हुए कहा कि नवजात का वजन काफी कम था, जिससे उसकी हालत गंभीर थी। परिजनों ने इलाज में सहयोग नहीं किया और वे 20 जुलाई को बिना बताए चले गए थे। सिविल सर्जन ने चिंता जताते हुए बताया कि मेडिकल नियमों के मुताबिक मर्चुरी में शव को अधिकतम 2 सप्ताह ही सुरक्षित रखा जा सकता है। 19 दिन बीत जाने के कारण शव के खराब होने का गंभीर खतरा बन गया है। प्रबंधन परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए समझाने की कोशिश कर रहा है।

## मां का छलका दर्द, डांटकर भगा देते थे डॉक्टर

पीड़ित मां सविता ने बिलखते हुए बताया कि जब भी वह अपनी बच्ची को देखने या दूध पिलाने अंदर जाती थीं तो डॉक्टर और स्टाफ उन्हें डांटकर भगा देते थे। उन्हें बीमारी की कोई सही जानकारी नहीं दी जाती थी। दैनिक मजदूरी कर जीवनयापन करने वाले पिता शिवनारायण का कहना है कि पीएम आवास के छोटे से कमरे में रहने वाले उनके परिवार का इलाज और दवाओं में करीब 80 हजार से 1 लाख रुपये खर्च हो गया, फिर भी बच्ची नहीं बची। पीड़ित परिवार ने अब कलेक्टर बालागुरु के., एसपी सोनाक्षी सक्सेना और कोतवाली थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। परिजनों का साफ कहना है कि जब तक दोषी डॉक्टर पर सख्त कार्रवाई नहीं होती, वे शव नहीं लेंगे।